**ST. THOMAS' SCHOOL,** *GoyalaVihar, Near Sec-19, Dwarka* **Session 2017-18**

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

विषय – हिंदी

नाम : तनिष्क शर्मा
कक्षा : नवमी
दिनांक : 18/09/2017

अनुक्रमांक : 33
अधिकतम अंक : 80
समयावधि : 3 घंटे

ध्यान देने योग्य बातें –

1. प्रश्नपत्र ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले सही क्रमांक अवश्य लिखिए।

(खंड – क)

अपठित बोध

**प्रश्न 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

काव्य–कला गतिशील कला है, किंतु चित्रण–कला स्थायी कला है। काव्य में शब्दों की सहायता से क्रियाओं और घटनाओं का वर्णन किया जा सकता है। कविता का प्रवाह समय द्वारा बँधा हुआ नहीं है। समय और कविता दोनों ही प्रगतिशील हैं, इसलिए कविता समय के साथ परिवर्तित होने वाली क्रियाओं, घटनाओं और परिस्थितियों का वर्णन समुचित रूप से कर सकती है। चित्रण–कला स्थायी होने के कारण समय के केवल एक पक्ष को–पदार्थों के केवल एक रूप को–अंकित कर सकती है। चित्रण–कला में केवल पदार्थों का चित्रण हो सकता है। कविता में परिवर्तनशील परिस्थितियों, घटनाओं और क्रियाओं का वर्णन हो सकता है, इसलिए कहा जा सकता है कि कविता का क्षेत्र चित्रकला से विस्तृत है। कविता द्वारा व्यक्त किए हुए एक–एक भाव और कभी–कभी कविता के एक शब्द के लिए अलग चित्र उपस्थित किए जा सकते हैं।

किंतु पदार्थों का अस्तित्व समय से परे तो है नहीं, उनका भी रूप समय के साथ बदलता रहता है और यह बदलते हुए बहुत अंशों में समय का प्रभाव प्रकट करते हैं। इसी प्रकार क्रिया और गति, बिना पदार्थों के आधार भी संभव नहीं। इस भाँति किसी अंश में कविता पदार्थों का सहारा लेती है और चित्रण–कला प्रगतिवान समय द्वारा प्रभावित होती है, पर यह सब गौण रूप से होता है।

हमने लिखा है कि पदार्थों का चित्रण चित्रकला का काम है, कविता का नहीं। इसपर कुछ लोग आपत्ति कर सकते हैं कि काव्य–कला के माध्यम से शब्द अधिक सर्वशक्तिमान हैं, उनसे जो काम चाहे लिया जा सकता है, पदार्थों के वर्णन में वे उतने ही काम के हो सकते हैं जितने क्रियाओं के, पर यह स्वीकार करते हुए भी कि शब्द बहुत कुछ करने में समर्थ हैं, यह नहीं माना जा सकता कि वे पदार्थों का चित्रण उसी सुंदरता से कर सकते हैं जिस सुंदरता से चित्रों का।

(क) कविता का क्षेत्र चित्रकला से किस प्रकार विस्तृत है? **(2)**

(ख) "पदार्थों का चित्रण, चित्रकला का काम है, ~~कला~~ कविता का नहीं।" कैसे? **(2)**

(ग) काव्य–कला और चित्रकला में मुख्य अंतर क्या है? (2)

(घ) चित्र को देखकर मन में क्या प्रभाव पड़ता है? (2)

(ङ) गद्यांश में आए विलोम शब्दों का एक जोड़ा लिखिए। (1)

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

कितना प्रामाणिक था उसका दुख
लड़की को दान में देने के वक्त
जैसे वही उसकी अंतिम पूँजी हो
लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की
माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

(क) 'दान' शब्द में कौन–सा व्यंग्य छिपा है? (2)

(ख) "लड़की अभी सयानी नहीं थी" –कवि ने ऐसा क्यों कहा है? (2)

(ग) "अपने चेहरे पर मत रीझना" से क्या तात्पर्य है? (1)

(घ) किसका दुख प्रामाणिक था? (1)

## (खंड – ख)
## व्याकरण

प्रश्न 3 (क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण–विच्छेद कीजिए। (1x2=2)

(i) धर्मात्मा (ii) कृतज्ञतापूर्वक

(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार व अनुनासिक का प्रयोग करते हुए मानक रूप लिखिए। (½x4=2)

(i) सम्बन्ध (ii) वृतांत (iii) मांस (iv) घुघराला

(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ता का प्रयोग करके शब्दों को पुनः लिखिए। (½x2=1)

(i) फर्ज़ (ii) ज़िम्मेदारी

प्रश्न 4 (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों के उपसर्ग व प्रत्यय अलग–अलग करके लिखिए। (1x3=3)

(i) निर्मूल (ii) दुरूपयोग (iii) क्रोधपूर्ण (iv) लौटकर

(ख) संधिविच्छेद कीजिए। (½x4=2)

(i) राजेंद्र (ii) मतानुसार (iii) अभ्यागत (iv) सदैव

(ग) संधि कीजिए। (1x2=2)

(i) निः + धन (ii) वृक्ष + छाया

प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम–चिह्नों का प्रयोग कीजिए। (3)

मैंने उसे दृढ़तापूर्वक कहा मैं भी औरों की तरह एक पर्वतारोही हूँ इसीलिए दल में आई हूँ शारीरिक रूप से मैं ठीक हूँ

## (खंड – ग)
## पाठ्य–पुस्तक

प्रश्न 6 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) पर्वतारोहियों को हिमपात के कारण क्या –क्या परेशानियाँ उठानी पड़ती है? (2)

(ii) तीसरे दिन की सुबह अतिथि के अनुग्रह ने उसके किस इरादे को स्पष्ट कर दिया? (2)

(iii) "नीच को धूरि समान"– कथन से क्या तात्पर्य है? (1)

(ख) व्यक्ति के सुख–दुख में समाज की क्या भूमिका होनी चाहिए? (5)

या

बचेंद्री की एवरेस्ट यात्रा में बने कीर्तिमान में अन्य सहयोगियों की भी भूमिका रही थी। उदाहरण सहित टिप्पणी कीजिए।

प्रश्न 7 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) रैदास ने सोने व सुहागे की बात किस संबंध में की है व क्यों? (2)

(ii) सागर की अपेक्षा पंक–जल को श्रेष्ठ क्यों बताया गया है? इसके माध्यम से कवि ने क्या सीख दी है? (2)

(iii) जगमग तारे सुखिया के पिता को कैसे प्रतीत हो रहे थे? (1)

(ख) "एक फूल की चाह" कविता ने समाज में व्याप्त किस समस्या की ओर संकेत किया गया है? स्पष्ट कीजिए। (5)

या

सुखिया के पिता के साथ मंदिर में कैसा व्यवहार किया गया तथा क्यों?

uncarved.ruby

प्रश्न 8 "साँप ने मानों अपनी शक्ति का सर्टीफिकेट सामने रख दिया था, पर मैं तो उसकी योग्यता का पहले ही से कायल था।" यह बात लेखक ने कब और क्यों कही? (5)

या

भारत की मुख्य धारा में आई दिखावेबाज की संस्कृति ने अभी भी त्रिपुरा के जन–जीवन को नष्ट नहीं किया है। लेखक ने ऐसा किस आधार पर कहा है?

## (खंड – घ)
## लेखन–कार्य

प्रश्न 9 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

(क) मेरी काल्पनिक अंतरिक्ष यात्रा

- कब, कहाँ– क्यों
- अंतरिक्ष से धरती का दृश्य
- अंतरिक्ष के रोमांचक अनुभव

(ख) प्रगति की ओर भारत के कदम

- भारत का सूर्योदय
- अमेरीका –भारत की आर्थिक स्थिति
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में भारत का दबदबा
- भारत के उद्योग धंधे विकास की ओर

(ग) मधुर वचन सबको सुखदायी

- मधुर वचन के महत्त्व पर कोई सूक्ति
- समाज–संपर्क में मधुर वचनों का प्रभाव
- सर्वश्रेष्ठ सामाजिक गुण हैं।

प्रश्न 10 आपका छोटा भाई छात्रावास में रहने गया है। वहाँ उसका मन नहीं लग रहा है, वह वापिस आना चाहता है। जीवन में त्याग का महत्त्व बताते हुए व उसका मार्गदर्शन करते हुए पत्र लिखिए। (5)

प्रश्न 11 शिक्षक दिवस के कार्यक्रम को लेकर दो छात्रों के बीच हाने वाले संवाद को लिखिए। (5)

प्रश्न 12 आप एक नया मोबाइल शोरूम खोलने जा रहे हैं, उसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

प्रश्न 13 चित्र वर्णन कीजिए। (5)

